## Term-I परीक्षा से सम्बन्धित नियम

1- Term-I परीक्षा 29 सितम्बर 2020 से आयोजित की जाएगी। कक्षा 6–12 वी तक के सभी विद्यार्थीयों के लिए इस परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

2. ई–प्रवेश पत्र प्राप्त विद्यार्थी ही इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

3. विद्यार्थी Term-I (जून, जुलाई, अगस्त) के निर्धारित शिक्षण शुल्क का भुगतान करने के पश्चात ही प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

4. कक्षाध्यापक विद्यार्थीयों के WhatsApp समूह में उपलब्ध नम्बर पर ही ई–प्रवेश पत्र एवं प्रश्न पत्र भेजेंगें।

## परीक्षा संचालन के मानक एवं दिशा निर्देशः–

1. Term-I की परीक्षा पूर्णतः पेन–पेपर परीक्षा होगी, जिसे विद्यार्थी घर पर ही रह कर लिखेंगे।

2. सभी परीक्षा प्रश्न–पत्र एक PDF फाईल में सम्मिलित होंगे, जिसे विद्यार्थियों को पृथकरुप से उनके WhatsApp नम्बर पर भेजा जाएगा। यह PDF फाईल पासवर्ड प्रोटेक्टेड होगी।

3. प्रश्न पत्रों को दूसरे विद्यार्थियों से साझा नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि सभी प्रश्न–पत्र प्रत्येक विद्यार्थियों के लिए पृथक–पृथक कोड़ एवं पासवर्ड के साथ निर्धारित किए गए है।

4. सभी विद्यार्थियों को परीक्षा लिखने के लिए रुलड पेपर या A4 साईज़ पेपर का उपयोग करना अनिवार्य है। टेस्ट कॉपी अथवा नोट–बुक का प्रयोग परीक्षा लिखने के लिए सर्वथा वर्जित है। सोफट कॉपी (WhatsApp, PDF, Word File) किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

5. परीक्षा के सभी प्रश्न पत्रों को हल करके विद्यार्थी द्वारा अपनी सम्पूर्ण जानकारी (नाम, कक्षा, विभाग) इत्यादि दर्ज करने के पश्चात स्वयं विद्यार्थी या पालक द्वारा सम्पूर्ण दस्तावेज स्कूल में जमा कराना अनिवार्य है। उत्तरपुस्तिका को सावधानी पूर्वक एवं नियोजित रुप से बॉधने की जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी।

6. विद्यार्थियों को दिनांक **9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर** के बीच उत्तरपुस्तिकाएँ अनिवार्य रुप से जमा कराना है।

7. विद्यालय द्वारा जारी किए गए ई–प्रवेश पत्र में ही प्रश्न पत्र फाईल खोलने का पासवर्ड दिया गया है। Term- I ट्यूशन फीस जमा होने के बाद 2 दिनों के अन्तराल में कक्षाध्यापक द्वारा प्रवेश पत्र विद्यार्थी को उपलब्ध करवाया जाएगा।

8. विद्यार्थी दी गई समय सारणी (Exam Time Table) के अनुसार सुविधाजनक रुप से अपनी परीक्षा लिख सकेंगे।

9. Term- I का अंक आधिकारिक रुप से मार्कशीट में दर्ज किया जाएगा। इसलिए छात्रों को सभी विषयों की परीक्षाओं में पास होना अनिवार्य है।

10. Term-I की ट्यूशन फीस जमा करने की अन्तिम तारिख **15 सितम्बर 2020** होगी।

आज्ञा से,

**स्कूल प्रबंधन**

**सेंट पीटर्स स्कूल, जावरा**